।।कार्यालय थानाधिकारी पुलिस थाना सदर बाजार,जोधपुर(पूर्व)।।

—ःप्रेस नोटः—

दिनांकः—09.10.2023

➢ **गुमशुदा बालक को 12 घण्टें के अन्दर—अन्दर दस्तयाब कर परिजनों को किया सुपुर्द।**

आज दिनांक 08.09.2023 को प्रार्थी श्री अविनाश भाटी पुत्र श्री कानाराम भाटी जाति घांची उम्र 34 वर्ष पेशा फोटोग्राफी व ज्युस की दुकान निवासी बाईजी तालाब के पास थाना सदर बाजार जोधपुर पूर्व ने थाना पर उपस्थित होकर एक लिखित पेश कर बताया कि मेरा लडका पार्थ उम्र 14 वर्ष दिनांक 08.10.2023 को शाम करीब 8.45 पीएम पर घर से बिना बताये बाहर कही चला गया। जिसकी सुचना कुछ देर बाद हमने पुलिस थाना में आकर दी पुलिस की सहायता से हमने रात भर C.C.T.V. केमरा देखे गये। जिसमें मेरा लडका घर से रेल्वे स्टेशन तक जाकर जैसलमेर जाने वाली ट्रेन में बैठता नजर आ रहा है। जिस पर मुकदमा नं.145 दिनांक 09.10.2023 जुर्म धारा 363 I.P.C. में दर्ज कर अनुसंधान व बालक की तलाष शुरू की गई।

कार्यवाही पुलिसः—

श्रीमान पुलिस आयुक्त,जोधपुर,श्रीमान पुलिस उपायुक्त,जोधपुर पूर्व,श्रीमान अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त,जोधपुर पूर्व व श्रीमान सहायक पुलिस आयुक्त वृत केन्द्रीय,जोधुपर पूर्व के निर्देशानुसार नाबालिक बालक की तलाश हेतु थाना हाजा से विशेष टीम गठित की गई। प्राप्त सीसीटीवी फुटेज के आधार पर गुमशुदा बालक अपने घर से निकलकर रेल्वे स्टेशन जोधपुर पहुंचकर जेसलमेर को जाने वाली रेल मे बैठता हुआ दिखाई दिया। जिस पर थाना हाजा से जाब्ता भेजकर उसकी तलाष रेल के स्टॉपेज औसियां,रामदेवरा,फलौदी,पोकरण,जेसलमेर पर की गई तथा रेल्वे स्टेषन पर लगे सीसीटीवी केमरों का अवलोकन किया गया।गुमशुदा बालक पार्थ भाटी रामदेवरा स्टेशन पर उतर कर रामदेवरा में जाना ज्ञात हुआ जिसकी तलाश रामदेवरा में की जाकर गुमशुदा बालक को दस्तयाब किया गया। बाद अनुसंधान पुछताछ से बालक ने अपनी स्वैच्छा से घर से बिना बताये जाना बताया। जिस पर बालक को अपने परिजनों को सुपुर्द किया गया।

कार्यवाही में शामिल पुलिस टीमः—

1.कैलाश पारीक निरीक्षक पुलिस,थानाधिकारी पुलिस थाना सदर बाजार जोधपुर पूर्व।
2.श्री कालुसिंह सउनि पुलिस थाना सदर बाजार जोधपुर पूर्व।
3.श्री शमशेर खान हैडकानि नं.1193 पुलिस थाना सदर बाजार जोधपुर पूर्व।**(विशेष भुमिका)**
4.श्री घनश्याम कानि नं.1573 पुलिस थाना सदर बाजार जोधपुर पूर्व।**(विशेष भुमिका)**
5.श्री धन्नाराम कानि नं.505 पुलिस थाना सदर बाजार जोधपुर पूर्व।
6.विशनाराम कानि नं.2301 पुलिस थाना सदर बाजार जोधपुर पूर्व।
7.श्री गोपालसिंह कानि नं.1362 पुलिस थाना सदर बाजार जोधपुर पूर्व।
8.श्री राकेश कानि नं.70 पुलिस थाना सदर बाजार जोधपुर पूर्व।

भवदीय
सही/—
(कैलाश पारीक नि0पु0)
थानाधिकारी
पुलिस थाना सदर बाजार
जोधपुर पूर्व।